जिला सैनिक कल्याण सोलन, हि० प्र० की जनपद द्विवार्षिक के लेखाओं का लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन।

अवधि ५/९७ से ३/०३

भाग-एक

1. गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदन :-

गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों पर की गई कार्यवाही का अवलोकन करने पर पाया गया कि संस्था द्वारा इन प्रतिवेदनों में सम्मिलित अनिर्णीत पैरों पर कोई सन्तोषजनक कार्यवाही नहीं की गई है यह अनियमितता उच्चाधिकारियों के ध्यान में तुरन्त आवश्यक कार्यवाही हेतु लाई जाती है। अतः अनिर्णीत पैरों के निपटारे हेतु तुरन्त आवश्यक कार्यवाही की जानी सुनिश्चित की जाए तथा इस सम्बन्ध में इस विभाग को भी शीघ्र अवगत किया जाए। अतः अनिर्णीत पैरों की नवीनतम स्थिति निम्न प्रकार से है :—

(क) लेखा परीक्षा प्रतिवेदन अवधि ५/९१ से ३/९७

(1) पैरा ३ :— अनिर्णीत
(2) पैरा ४ :— अनिर्णीत
(3) पैरा ५ :— अनिर्णीत
(4) पैरा ६ :— अनिर्णीत

भाग- दो

2. वर्तमान लेखा परीक्षा :-

अवधि 4/97 से 3/03 के निधि लेखाओं की वर्तमान लेखा परीक्षा, जिसके परिणाम अनुवर्ती पैरों में दिये गये हैं, हरदेव सिंह ग्रांडिल, अनुभाग अधिकारी द्वारा दिनांक 2-12-03; 5-12-03; 6-12-03 व 8-12-03 से 12-12-03 तक की गई। माह 11/97, 1/98; 1/99; 3/99; 7/99; 1/2000; 6/2000; 1/2001; 5/2001; 1/02; 6/02 व 1/03 के लेखों की विस्तृत जाँच की गई। लेखा परीक्षा से सम्बन्धित समस्त अपेक्षित अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत किया गया।

3 लेखा परीक्षा शुल्क :- संस्थान के लेखों की अवधि 4/97 से 3/03 की लेखा परीक्षा का शुल्क 4800 रुपये बनता है, जिसे अनुभाग अधिकारी के पत्र संख्या शून्य दिनांक 12-3-04 द्वारा उप निदेशक, जिला सैनिक कल्याण विभाग, सोलन को उक्त शुल्क की राशि परीक्षक, स्थानीय निधि लेखा, हि० प्र० शिमला - 171009 को शीघ्र प्रेषित करने का अनुरोध किया गया।

(3) 283

4. <u>वित्तीय स्थिति</u> :— आडिट [illegible] 1/97 से 31/03 तक झण्डा दिवस निधि की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी :—

| वर्ष | आदि शेष | आय | जोड़ | व्यय | अन्तिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| -98 ✓ | 9840=50 ✓ | 27832=00 | 37672=50 ✓ | 12289 | 2538?=50 ✓ |
| -99 ✓ | 25383=50 ✓ | 59453=00 | 84836=50 ✓ | 61307=60 | 23528=90 ✓ |
| -2000 ✓ | 23528=90 ✓ | 41815=00 | 65343=90 ✓ | 31540=00 | 33803=90 ✓ |
| -1 ✓ | 33803=90 ✓ | 34046=87 | 67850=77 ✓ | 35510=00 | 32340=77 ✓ |
| -02 ✓ | 32340=77 ✓ | 39598=65 | 71939=42 ✓ | 21666=00 | 50273=42 ✓ |
| -03 ✓ | 50273=42 ✓ | 50390=93 | 1,00,6,64=35 ✓ | 13732=00 | 86932=35 ✓ |

उपरोक्त अन्तिम शेष का स्पष्टीकरण निम्न प्रकार से किया गया है :—

स्टेट बैंक ऑफ पटियाला के बचत खाता सं० - 01100050085 में जमा राशि = 86932=35

5 <u>निवेश</u> :— निदेशक, सैनिक कल्याण, हि० प्र० के [illegible] सापन संख्या - 13-13/82-सै.क. वि०, दिनांक 30-4-02 के अनुसार झण्डा दिवस निधि से बचत खाते में 10,000 से अधिक राशि 90 दिन के लिए या इससे अधिक अवधि के लिए सावधिक खाते में जमा करने का परामर्श दिया गया था। परन्तु विभाग द्वारा कोई भी राशि सावधिक खातों में जमा नहीं की गई है। अतः भविष्य में उपरोक्त आदेशानुसार बचत खाते की राशि को सावधिक खाते में जमा किया जाये।

(4) 285-

6. झण्डा दिवस निधि से ऋण का दिया जाना:-

निम्न वर्णित राशियां ऋण के रूप में झण्डा दिवस निधि से सरकारी निधि को ऋण के रूप में दी गई है। परन्तु इन ऋण की राशियों को वापस झण्डा दिवस निधि को नहीं लौटाया गया है अतः इन राशियों को झण्डा दिवस निधि को ब्याज सहित लौटाया जाना शीघ्र सुनिश्चित किया जावे तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत करें।

| वाउचर संख्या | दिनांक | राशि | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| शुन्य | 20-5-98 | 2500=00 | सरकारी आकस्मिक व्यय हेतु |
| शुन्य | 16-1-98 | 869=00 | |
| शुन्य | 17-1-98 | 100=00 | |
| शुन्य | 16-7-99 | 3500=00 | यथोपरि |
| 44 | 31-12-99 | 2200=00 | |
| 48 | 1-6-2000 | 30,000=00 | |

(5) - 29/-

7. वाउचर संख्या 15, दिनाँक 27/1/99, राशि 1596=00 रु० का भुगतान :- गणतन्त्र दिवस के अवसर पर शिमला में 26 जनवरी, 1999 को आयोजित समारोह की परेड में हिस्सा लेने के लिए भूतपूर्व सैनिकों को टोपियाँ प्रदान की गई थी। इन टोपियों की खरीद हेतु मै० जगत राम मोहन लाल, 59, लोंकर बाजार, शिमला को 37 टोपियों की खरीद के लिए 1596 रु० का भुगतान किया गया है। परन्तु उक्त खरीद से पूर्व निविदायें प्राप्त नहीं की गई जिससे बाजार प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया है। अतः बिना निविदाओं के क्रय का औचित्य स्पष्ट किया जाए। उक्त टोपियों की भण्डारण प्रविष्टि भी नहीं की गई है। अतः भण्डारण प्रविष्टि सम्बन्धित रजिस्टर में शीघ्र की जाए तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत किया जाए।

(6) 286

8. वाउचर स० 16, दिनांक 25-1-99, राशि 945=00

उपरोक्त वाउचर द्वारा मै० राम चन्द रेवा नन्द, लोअर बाजार, शिमला से इनके बिल स० 973, दि० 25-1-99 द्वारा 135, कलगी (Handle) का क्रय किया गया परन्तु इनकी स्टाक प्रविष्टि सम्बन्धित रजिस्टर में नहीं की गई है। अतः उक्त प्रविष्टि सम्बन्धित रजिस्टर में शीघ्र की जाए तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत करें।

9. वाउचर स० 17, दि० 27-1-99, राशि 2025=00 रु०

उपरोक्त वाउचर द्वारा मै० सागर लाऊंड्री सर्विस, शिमला को 32 कोट, 33 पैन्ट व 32 कमीजों व एक जैकेट को ड्राईक्लीन करने के लिए भुगतान किया गया, दर्शाया गया है। उपरोक्त वस्त्रों को गणतन्त्र दिवस के पश्चात 27-1-99 को ड्राइक्लीन करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए। उपरोक्त कार्य करवाने से पूर्व भाव दरें नहीं ली गई जिससे बाजार प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया है। अतः बिना भावदरों के भुगतान का स्पष्टीकरण दिया जाये और न ही भुगतान की प्राप्ति/रसीद प्राप्त की गई है, जिसे अब प्राप्त करके आगामी अंकेक्षण में दिखाया जाए।

(7) 291

वाउचर सं० 1, दिनांक 18-11-97 राशि 600=रू०

10. उपरोक्त वाउचर द्वारा डाकपाल सोलन से 600 रू० की शासकीय टिकटें खरीदी गई परन्तु इन टिकटों को प्रेषण रजिस्टर (Despatch Register) में न लेकर, इनका दुर्विनियोजन किया गया प्रतीत होता है। अतः 600 रू० की टिकटों की राशि की वसूली सम्बन्धित दोषी कर्मचारी से शीघ्र की जाये तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत किया जाये।

11. प्राप्ति/ रसीदें का अंकेक्षण में प्रस्तुत न किया जाना:— निम्न विवरणानुसार 3,000 रू० की राशि को वित्तीय सहायता के रूप में निम्न व्यक्तियों को प्रदान किया गया परन्तु इन व्यक्तियों की भुगतान प्राप्ति की रसीदें अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं की गई जिसके अभाव में भुगतान की पुष्टि नहीं हो सकी अतः उक्त रसीदें आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत की जानी सुनिश्चित की जाये।

| | वाउचर सं० | दिनांक | नाम | भुगतान की राशि |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 11. | 26-11-97 | श्री रतन सिंह | 1000=00 |
| (2) | —यथोपरि— | यथोपरि | श्रीमती कमला | 1000=00 |
| (3) | 12. | 20-1-98 | श्री रोशन लाल | 1000=00 |

12. **विभिन्न विभागो तथा अन्य संस्थाओं को झण्डो का वितरण** :- झण्डो के वितरण के रजिस्टर में विभिन्न संस्थाओं को झण्डे वितरीत किये गये है परन्तु न तो इन संस्थाओं से कोई ध्वज राशी प्राप्त हुई है और न ही झण्डे वापिस प्राप्त हुऐ हैं। कुछ संस्थाओं ने तो उनको वितरीत किये गये सभी झण्डो को वापिस न करके कुछ झण्डे वापिस किये परन्तु शेष झण्डो की कोई भी ध्वज राशी जिला सैनिक कल्याण को नहीं भेजी ! इस प्रकार के कुछ प्रकरण निम्न प्रकार से है !-

| टोकन फ्लेग वितरण रजिस्टर की क्रमांक | माह | संस्था का नाम जिसे फ्लेग दिये गये | जितने फ्लेग दिये गये | जितनी राशि प्राप्त हुई | फ्लेग वापिस प्राप्त हुऐ | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 12/97 | एस० डी० ओ० (सि०) सोलन | 500 | – | – | |
| 2. | 12/97 | – यथोपरि – नालागढ | 500 | – | – | |
| 3 | 12/97 | – यथोपरि – कण्डाघाट | 500 | – | – | |
| 12 | 12/97 | जी० डी० सी० सोलन | 500 | – | – | |
| 54 | 12/97 | गीता आदर्श विद्यालय सोलन | 200 | – | – | |
| 63 | 12/97 | रा० बी० मा० पा० (छात्रा) सोलन | 500 | – | 400 | शेष 100 झण्डो की कोई राशी प्राप्त नहीं हुई। |
| 64 | 12/97 | – यथोपरि (छात्रा) सोलन | 500 | – | – | |
| 55 | 1998 | गीता आदर्श विद्यालय सोलन | 100 | – | – | |
| - | 1999 | रा० ब० मा० पा० (छात्रा) सोलन | 1000 | – | – | |
| - | 1999 | रा० ब० मा० पा० (छात्र) सोलन | 1000 | – | – | |

इस प्रकार उपरोक्त संस्थाओं सहित अन्य सभी संस्थाओं से एकत्रित धन शीघ्र प्राप्त किया जाये, जिन को अनुदान जारी किये गये थे। अन्यथा उन्हें अनुदान वापिस करने को कहा जाये ताकि वास्तविक स्थिति का सही मूल्यांकन किया जाये व एकत्रित धन राशि का सम्भावित दुर्विनियोजन न हो सके।

13. **लघु आपत्ति विवरणिका**:- इसे अलग से जारी नहीं किया गया है।

14. **निष्कर्ष**:- गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों के पैरों के निपटारे हेतु तुरन्त प्रभावी कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है। वर्तमान लेखाओं के रख-रखाव में सुधार की आवश्यकता है।

हस्ता-
अनुभाग अधिकारी,
स्थानीय निधि लेखा,
हि० प्र० शिमला - 171009

(10) 700

पृष्ठांकन संख्या 198 दिनांक 1-4-04
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित है:-

1. उप निदेशक, जिला सैनिक कल्याण, सोलन, जिला सोलन (हि० प्र०) को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है, कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर की गई कार्रवाई का सटिप्पण उत्तर इस विभाग को शीघ्र भेजें।
2. निदेशक, राज्य सैनिक कल्याण, निदेशालय हमीरपुर (हि० प्र०)
3. सचिव (सामान्य प्रशासन विभाग) हि० प्र० शिमला-2.
4. जिलाधीश, सोलन, जिला सोलन को सूचनार्थ प्रेषित है।
5. परीक्षक, स्थानीय निधि लेखा, हि० प्र० शिमला-9.

ह० [signature]
अनुभाग अधिकारी,
स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला-171009